नवोदय टाइम्स

नई दिल्ली

NAVODAYA TIMES, New Delhi

ABC से प्रमाणित 1,46,688 प्रतियां प्रतिदिन (औसत: जुलाई-दिसम्बर 2019)

मूल्य ₹ 4/-

आर्टिस्ट के तौर पर किसी खांचे में फिट नहीं होना चाहती : भूमि 11

जोकोविच ने जीता 36वां मास्टर्स, राफेल नडाल का रिकॉर्ड तोड़ा 9

दुनिया के टॉप 10 अमीरों की लिस्ट में मुकेश अंबानी एक पायदान और फिसले 9

बुधवार, 23 सितम्बर, 2020 • तदनुसार 8 आश्विन, विक्रमी संवत 2077 | www.navodayatimes.in | facebook.com/navodayatimes | twitter.com/navodayatimes | वर्ष 8, अंक 49 | पृष्ठ 12

यमुना एक्सप्रेस-वे पर 1000 एकड़ में फिल्म सिटी बनाने को मिली मंजूरी

विश्वस्तरीय सुविधाओं की होगी स्थापना

लखनऊ : *मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ फिल्म सिटी के लिए बुलाई गई बैठक में चर्चा करते हुए।*

लखनऊ/नोएडा, 22 सितम्बर (एजैंसी): उत्तर प्रदेश में फिल्म सिटी को लेकर घोषणा के कुछ दिन के भीतर ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फिल्म सिटी स्थापित करने की एक महत्वाकांक्षी योजना मंगलवार को सामने रखी और फिल्म बिरादरी को राज्य में आने के लिए एक खुली पेशकश की। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक बयान के अनुसार उन्होंने यह भी घोषणा की कि 1,000 एकड़ जमीन की, गौतम बुद्ध नगर में यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिकी विकास प्राधिकरण (वाईईआईडीए) ने पहचान कर ली है जहां विश्व स्तरीय नागरिक, सार्वजनिक और प्रौद्योगिकी सुविधाओं से युक्त एक समर्पित 'इंफोटेनमेंट जोन' की स्थापना की जाएगी। प्रस्तावित स्थल राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली से एक घंटे की दूरी पर है और जेवर में प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के बहुत नजदीक है।

इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'फिल्म बंधु' के पदाधिकारियों और अनेक फिल्मी हस्तियों के साथ बैठक की। इस बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि फिल्म उद्योग को उत्तर प्रदेश से जो अपेक्षाएं हैं उन्हें पूरा करने में यह राज्य कहीं ना कहीं चूक कर रहा था। प्रस्तावित अत्याधुनिक फिल्म सिटी के जरिए उस चूक को सुधारा जाएगा। यह फिल्म सिटी दुनिया के लिए एक मिसाल बनेगी। फिल्म सिटी में विश्व स्तरीय सुविधाओं की स्थापना की जाएगी इसे सर्वोत्कृष्ट 'डेडिकेटेड इंफोटेनमेंट जोन' के रूप में विकसित करने की कोशिश होगी। आने वाला समय ओटीटी और मीडिया स्ट्रीमिंग का है। इसके लिए फिल्म सिटी में उच्च क्षमता वाले विश्व स्तरीय डाटा सेंटर की स्थापना भी की जाएगी। प्रस्तावित फिल्म सिटी को अगले 50 साल की जरूरतों के हिसाब से विकसित किया जाएगा। यमुना एक्सप्रेस-वे सेक्टर-21 में लगभग 1,000 एकड़ भूमि में से 220 एकड़ वित्तीय गतिविधियों के लिए आरक्षित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सिर्फ फिल्म सिटी तक ही सीमित नहीं रहेगी बल्कि हम वहां विश्व स्तरीय इलेक्ट्रॉनिक सिटी देने जा रहे हैं और फाइनेंशियल सिटी भी प्रस्तावित करने जा रहे हैं, जहां से हर प्रकार की आर्थिक एवं वित्तीय गतिविधियों का संचालन किया जा सके। निर्माता-निर्देशक सतीश कौशिक ने कहा कि हिंदी फिल्मों के लिए मुंबई के अब योगी सरकार ने यूपी में दूसरा दरवाजा खोल दिया है। 'फिल्म बंधु' के अध्यक्ष राजू श्रीवास्तव, परेश रावल, गायक एवं निर्माता निर्देशक उदित नारायण, कैलाश खेर, अनूप जलोटा और मनोज मुंतशिर आदि भी मौजूद थे।



'अब सपा के कार्यकाल की फिल्मसिटी का श्रेय लेने के लिए भाजपा सरकार कैंची लेकर फीता काटने को तैयार खड़ी है पर अब न तो उनके अभिनेता का अभिनय काम आ रहा है, न ही कोई डॉयलाग।'

-पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव